
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मरीजों को बरामदे में भर्ती होकर कराना पड़ रहा है इलाज

**जिम्मेदार कौन**

## आधी आबादी के लिए चिकित्सा व्यवस्था मजाक बनकर रह गई

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ। सीमांत जनपद के सबसे बड़े अस्पताल में इन दिनों हर ओर से अव्यवस्थाएं भारी पड़ रही है। बता दें कि पांच लाख की आबादी वाले सीमांत जिले में आधी आबादी के लिए चिकित्सा व्यवस्था मजाक बनकर रह गई है। जिले के मेल हास्पिटल में वर्तमान में मौसमी बुखार निमोनिया ,टाफाइड ,वायरल के मरीजों की बढ़ती संख्या ने डॉक्टरों की लापरवाही भी सामने देखने को मिल रही है। अस्पताल में बढ़ती मरीजों की तादात ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल करने शुरू कर दिये है। बता दें कि जिला मेल हासपिटल में इलाज के वर्तमान में बरामदे में सोने को मजबूर हो रहे है।

जिला मुख्यलय के चिकित्सालय में जिले के साथ ही सीमांत तहसील से भी तमाम गंभीर बीमारियों से



जूझने वाले मरीज भी इलाज के लिए आते है। ऐसे में यह बेहद गंभीर मामला है। जिले के बीडी पांडे अस्पताल में वर्तमान 240 बेड स्वीकृत है परन्तु यही पर जगह की कमी के चलते व अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते इस समय बढ़ती तादात के बावजूद भी अस्पताल में केवल 120 बेड ही नसीब हो पा रहे है। दूसरी ओर अस्पताल के कमरों में जगह जगह सीलन भी देखने को मिल रही है।

अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ उनके तीमरदार भी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही पर तीखे सवाल कर रहे है। दूसरी ओर बरामदे में भर्ती हुए बेड लगाकर सो रहे मरीजों को खुले में मच्छर भी काट रहे है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि वर्तमान में जिला अस्पताल में क्षमता से ज्यादा मरीज भर्ती हो रहे है। ऐसे में वर्तमान में अस्पताल प्रबंधन की मजबूरी है कि मरीजों को बरामदें में बेड लगाकर भर्ती करना पड़ रहा है। जिले के सामाजिक संगठनों ने इस समस्या पर अस्पताल परिसर में सभी स्वीकृत बेडों का संचालन न किये जाने पर जनांदोलन किये जाने की चेतावनी दे डाली है।

इस बारे में जिला बीडी पांडे अस्पताल के पीएमस से कहा है कि वर्तमान में क्षमता से ज्यादा मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे है। ऐसे में मरीजों को बरामदे में भर्ती किया जा रहा है। मरीजों की देखभाल करना अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी है इसमें बिल्कुल भी कोताही नही बरत रहे है।

## न्यूज डायरी

### चाय कंपनी पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना, जांच में चायपत्ती का सैंपल हुआ फेल

**संवाददाता** नई टिहरी। चायपत्ती का सैंपल फेल होने पर अपर जिलाधिकारी न्यायालय ने कानपुर की जेकेटी प्रोडक्ट कंपनी पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा जिला अभिहित अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि नवंबर 2020 में टिहरी के थत्यूड़ की एक दुकान से टीम ने गार्डन ग्लोरी नाम की चाय पत्ती का सैंपल लिया गया था। जांच में चायपत्ती का सैंपल फेल पाया गया। चाय पत्ती में मानकों की अनदेखी की गई थी। जिसके बाद अपर जिलाधिकारी न्यायालय में इसका केस चल रहा था। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद एडीएम रामजी शरण शर्मा ने उत्तर प्रदेश के कानपुर की चाय बनाने वाली कंपनी जेकेटी प्रोडक्ट पर ढाई लाख का जुर्माना लगाया है।

### मौज ने किया देहरादून में मौज मैडहाउस के 5वें संस्करण का समापन

**संवाददाता** देहरादून। भारत के नंबर एक लघु वीडियो ऐप मौज ने हाल ही में मौज मैडहाउस के 5वें संस्करण का समापन किया, जो देहरादून में रचनात्मक कंटेंट क्रिएशन के लिए मौज डिजिटल क्रिएटर्स को एक छत के नीचे लाने की पहल थी। मौज के 16 शीर्ष और उभरते हुए क्रिएटर्स ने एक सप्ताह तक एक ही छत के नीचे एक शानदार संपत्ति में रचनात्मक सहयोग के साथ रहे, जिसके परिणामस्वरुप ढेर सारा आकर्षक कंटेंट क्रिएट हुआ। गर्मी की तपिश से बहुत जरूरी राहत देते हुए, देहरादून घाटी का सुरम्य स्थान मोज मैडहाउस गतिविधि के लिए एक आदर्श स्थान बन गया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम में हर दिन अलग-अलग विषय थे।

### लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव ने की भारत की पहली लाइफ स्किल ग्लोसरी लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। द लाइफ स्किल्स कोलैबोरेटिव (एलएससी) ने इंडिया लाइफ स्किल्स ग्लोसरी लॉन्च की है, जो लाइफ स्किल का एक व्यापक भंडार है, जिसे भारत के युवा लोगों और शिक्षा प्रणाली की जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक रूप से बनाया गया है। यह व्यापक ग्लोसरी 51 लाइफ स्किल के विषय में बताती है जो हमारे बच्चों में जरूरी क्षमताओं को विकसित करने में मदद कर सकती है और इस लगातार बदलती हुई दुनिया में हमारे बच्चों को सामंजस्य स्थापित करने में सहायता कर सकती है। इंडिया ग्लोसरी का उद्देश्य छात्रों, लर्निंग इकोसिस्टम और माता-पिता को लाइफ स्किल को बेहतर ढंग से समझने के लिए एक सामान्य ग्लोसरी प्रदान करना है। इंडिया ग्लोसरी, एलएससी वेबसाइट के माध्यम से सभी के लिए उपलब्ध है।

## नेपाली मजदूरों के सामने खड़ा हुआ रोजी रोटी का संकट

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में लगातार आये दिन बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए कोरोना कर्फ्यू के लगने से रोजाना कमाकर खाने वाले नेपाली मजदूरों के सामने अब रोजी रोटी का खासा संकट खड़ा हो गया है। बता दें कि जब से जिले में कोरोना कर्फ्यू लगाया है बाजार में सारी दुकानें बंद चल रही है। वही दुकानों के बंद होने की वजह से ये मजदूर पैदल हो गये है। वही आलम यह है कि मजदूरों के सामने अब रोजगार का संकट खासा बड़ने लगा है। जिले में नगर पालिका के अन्तर्गत दस से तीस नेपाली मजदूर आते है। ये नेपाली मजदूर पल्लेदारी के आधार पर अपनी आजीविका चलाते है। जिले में नेपाली मजदूर बाहर से लेकर आने वाली ट्रांसपोर्ट वाहन से सामान सरिया बजरी आदि का ढुलान करके अपनी आजिविका चलाया करते है। वही अब वर्तमान में जिले में कोविड कर्फ्यू के चलते जिले में दुकानों के बंद होने अब मजदूरों के सामने रोजी संकट का संकट खासा बड़ गया है। वह दूसरी ओर जिले में भवन निर्माण के काम भी नही होने से इन नेपाली मजदूरों की मुश्किलें और भी ज्यादा बड़ गई है। वही ऐसे हालातों में ये मजदूर एक वक्त की रोटी की पूर्ति के लिए दर दर की ठोंकरे खानें को मजबूर हो रहे है। वही नेपाली मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने के ज्यादा आसार नजर आने लगे है।




## 25 मई तक चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन बंद

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए किए जा रहे पंजीकरण को 25 मई तक बंद कर दिया है। सरकार चारों धामों में श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित कर रही है। जिसके तहत 25 मई तक रजिस्ट्रेशन फुल होने के कारण नए पंजीकरण नहीं किए जा रहे हैं। वहीं, रजिस्ट्रेशन नहीं होने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चारधाम में श्रद्धालुओं की व्यवस्था सुचारू करने के लिए प्रदेश सरकार ने चारों धामों में यात्रियों की संख्या निर्धारित की है। जिस कारण 25 मई तक रजिस्ट्रेशन के स्लॉट फुल हो चुके हैं। वहीं, यात्रियों को पंजीकरण नहीं मिलने से निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है।

## कृषि के क्षेत्र में उद्यमिता की आवश्यकता से लाई जा सकती है क्रांति

**संवाददाता** पुरोला। बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में शुक्रवार को प्लांटिका संस्थान देहरादून के सहयोग से दो दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ का प्राचार्य एके तिवारी व प्लांटिका संस्थान के निदेशक डॉ अनूप बड़ोनी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यशाला संयोजक डॉ. विनय नौटियाल द्वारा कार्यशाला की प्रस्तावना तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसकी उपयोगिता को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कार्यशाला के माध्यम से मशरूम उत्पादन व मधुमक्खी पालन से होने वाली आय, लागत ,विपणन व इससे मिलने वाले रोजगार के



बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्लांटिका संस्थान के निदेशक डॉ. अनूप बडोनी ने अपने संबोधन में कृषि उद्यमिता पर विस्तार से जानकारी दी जिसे कार्यशाला में प्रतिभागी कर रहे सभी छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता के साथ सुना ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने अपने संबोधन में प्लांटिका संस्थान के निदेशक डॉ. अनूप बडोनी , वैज्ञानिक अधिकारी आदर्श डंगवाल व आशीष नेगी का महाविद्यालय की ओर से स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन हेतु प्लांटिका संस्थान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उद्यमिता की आवश्यकता से क्रांति लाई जा सकती है, जिसके लिए समय-समय पट प्रशिक्षण व कार्यशालाओं का आयोजन जरुरी आवश्यकता है। इस अवसर पर प्लांटिका संस्थान तथा महाविद्यालय ने एक समझौता पत्र पर भी हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक राजेंद्र लाल आर्य ने किया। इस अवसर पर डॉ. गणेश प्रसाद, डॉ. यमुना प्रसाद रतूड़ी, के डी रतूड़ी,फातिमा खान, डॉ प्रियंका, विनोद कुमार, शीशपाल सिंह, राजीव नौटियाल, नरेश शाह, डॉ. पूजा, प्रताप सिंह, कार्यालय कर्मी हरीश बिजल्वान, श्रीमती ललिता, रमेश ,सुमन आदि उपस्थित रहे।

## अस्पताल से गायब हुए मरीज का नहीं लगा कोई सुराग

**संवाददाता** उत्तरकाशी। जिला अस्पताल से 5 दिन पहले गायब मरीज का अब तक पुलिस कोई पता नहीं लगा पाई है। मरीज के गायब होने से परिजन खासे परेशान हैं। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पुलिस शख्स को ढूंढने में नाकाम साबित हो रही है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन पर भी मरीज की देखभाल में लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले के अनुसार 14 मई भटवाड़ी ब्लॉक के झाला गांव निवासी बचन लाल (55) को उसके परिजनों ने छाती में दर्द की शिकायत पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से अगले दिन 15 मई रात करीब साढ़े 10 बजे वह अपना सामान लेकर कहीं निकल गया। 16 मई को परिजनों को उसका सामान जिला अस्पताल से करीब 500 मीटर दूर उजेली क्षेत्र से बरामद हुआ। बचन लाल की बहन नौमी देवी ने बताया कि उजेली क्षेत्र से उसके कपड़े, पर्स, तकिया व बिस्तर मिला है।